# प्रशासन की अपील का दिखा असर, भक्ति गीतों के बीच हुआ विसर्जन

**नवभारत न्यूज**

**सतना / उचेहरा, 4 अक्टूबर, प्रशासन की अपील कहे या सख्ती इसका पूरा असर इस वर्ष दिखा दशहरा के दिन दिखा एक भी दुर्गा समिति में अश्लील, फूहड गीत बजता नही सुनाई दिया। इसके पूर्व के वर्षो में जी भर के इस तरह के गीतों को सुना जाता था। प्रशासन द्वारा पहले शान्ति: समिति की बैठक फिर टाउन हाल उसके पश्चात पुलिस प्रशासन ने थाना परिषर में दुर्गा समितियो के प्रमुखों और डी जे संचालकों की बैठक में सख्त कई बिंदुओं के निर्देश दिये थे।**

हासिल जानकारी अनुसार महराज कुमार क्षत्रसाल सिंह जू देव ने भी चल समारोह में फूहड गीत न बजाने की समझाइस डी जे संचालकों को दी थी। नगर में सभी जगह जिस तरह से धार्मिक गीतों को बजाते समारोह निकला उसकी हर तरफ सराहना की जा रही है। दशहरा के पहले विश्व हिंदू, बजरंग दल नगर इकाई के पदाधिकारी फिर अधिवक्ता संघ / नगर के नागरिकों का संयुक्त रूप से हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी को सौपा था समाचार पत्रों के माध्यम से भी नगर के दशहरे को गरिमामय बनाने की अपील की गई थी। जिस तरह से नगर में इस पर्व को मनाने सभी का सहयोग रहा उसी तरह से अगर एक साथ एक दिन चल समारोह निकलने लगे तो निश्चय ही कुछ वर्षों में नगर का पुराना गौरव आते देर नहीं लगेगा। सब कुछ प्रशासन के जिम्मे नही छोंडा जा सकता, इस वर्ष कोई अधिकारी यहां है तो अगले वर्ष क्या इसी नगर में रहेगा इसका तो कोई निश्चित नही लेकिन एक ही जगह पर एक समिति मां की स्थापना करती वर्षो से चली आ रही है बस समय और परिस्थितियों के चलते समिति के जिम्मेदार जरूर बदलते रहते हैं।



## ईचौल पिपरीकला में रावण के पुतला का हुआ दहन

जनपद के ईचौल और पिपरीकला में भी बड़े ही उत्साह के साथ दशहरा पर्व मनाया गया। जनपद के पिपरीकला और ईचौल में असत्य पर सत्य के जीत का प्रतीक रावण के पुतले के दहन पश्चात दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन हुआ।

## सामूहिक आरती पश्चात शुरू हुआ चल समारोह

वैसे तो सुबह से ही प्रतिमाओ के विसर्जन का शिलशिला शुरू हो गया था नगर की पुरानी परंपरा अनुसार गढ़ी मैदान में नागौद राज के महराज कुंवर कृष्ण देव ने मां की सामूहिक आरती कर चल समारोह की शुरुआत की निकाय अध्यक्ष निरंजन प्रजापति ने भी मां की आरती उतारी। हासिल जानकारी अनुसार कुल 7 दुर्गा समितियो ने चल समारोह में शामिल हुये।

## दशहरा के दूसरे दिन भी निकली दुर्गा प्रतिमा

दशहरा के दूसरे दिन हासिल जानकारी अनुसार 4 दुर्गा समितियो ने दुर्गा विसर्जन किया। ऐतिहातन पुलिस द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम थे। दूसरे दिन भी डी जे में केवल धार्मिक गीत ही बजे।



## विवादों का केंद्र रहा संकटमोचन चौक

नगर में छुट पुट घटनाओं को छोंड़ पूरी तरह से शान्ति: ढंग से संपन्न हो गया चल समारोह। इसी चौक में छेंड़ छाड़ के दो मामले आये सामने, रात्रि 12 के बाद दुर्गा प्रतिमा विसर्जन को जाने एक दूसरी प्रतिमा के बीच अंतराल कम करने की समझाइस के दरमियान पुलिस प्रशासन से हल्की बहस समिति की हो गई थो ?ी ही देर में पूरा मामला शांत हो गया और पहले के अनुरूप भक्तिमय वातावरण में सभी ने खुसी मन से अपनी अपनी प्रतिमाओ का विसर्जन किया।

## पड़रहा मंदिर में हुआ भंडारा



सतना – मैहर मार्ग पर पड़रहा मंदिर में एक तरफ जहां प्राचीन शिव मंदिर है वहीं दूसरी तरफ शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा का मन्दिर है। समिति और नगर के भक्त जनों के सहयोग से मंदिर में कई वर्षों से दशहरा के दिन विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। कन्या पूजन उपरांत जो शुरू हुआ देर शाम तक अनवरत चलता रहता है। करीब 10 हजार भक्त यहां भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते हैं।



# दशहरे के तीसरे दिन तक हुआ मूर्ति विसर्जन

### गाजे – बाजे एवं डीजे के साथ बड़े धूमधाम से विदा हुईं माता दुर्गा

**नवभारत न्यूज**

**कोठी 4 अक्टूबर, नगर में दशहरे पर्व को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया इसके साथ-साथ दशहरे के दूसरे एवं तीसरे दिन भी स्थानीय दुर्गा समितियां ने अपनी अपनी मूर्ति का विसर्जन गाजे बाजे एवं डीजे के साथ बड़े ही धूमधाम से किया।**

दशहरे के दिन सभी मूर्तियां चल समारोह में शामिल नहीं हुई थी इसके दूसरे दिन बारिश लगातार होती रही जिसकी वजह से दशहरे के तीसरे दिन भी नगर में मां दुर्गा की प्रतिमाओं को नगर में भ्रमण कर विसर्जन के लिए ले जाया गया कोठी के नरसिंह चौक ,बस स्टैंड की मां काली ,कटरा मोहल्ला , किला रोड एवं धुआंधार दुर्गा समिति सहित कई अन्य दुर्गा समितियां की प्रतिमाएं आज विसर्जित हुई सुबह से लेकर रात तक इसका दौर चलता रहा लोग भक्ति में माहौल में रंगे रहे यहां तक की नगर की सड़के रंग अबीर गुलाल से रंगीन हो गई लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा था लोग बड़े ही भक्ति भाव के साथ माता की आरती कर उनसे सभी कामों में की हुई गलती की क्षमा मांगते हुए उन्हें करुणामई होकर विदा किया इस दौरान भी कोठी पुलिस बड़ी तत्परता के साथ मौजूद रही एवं सभी मूर्तियों में अलग-अलग कोठी पुलिस की बड़ी ही मुस्तैदी के साथ रही जिससे शांतिपूर्ण ढंग से मूर्ति विसर्जन का आयोजन संपन्न हुआ।

# चित्रकूट के युवाओं ने उठाई गौवंश सुरक्षा की आवाज़

▸ नगर पंचायत ने दिया कार्रवाई का आश्वासन

**नवभारत न्यूज**

**चित्रकूट 4 अक्टूबर, चित्रकूट में सड़क हादसों और गोवंश की सुरक्षा को लेकर स्थानीय युवाओं ने आज नगर पंचायत को ज्ञापन सौंपा।**

ज्ञापन में कहा गया कि नगर क्षेत्र की सड़कों पर प्रतिदिन सैकड़ों स्वस्थ और चलायमान गोवंश खुलेआम विचरता है, जिससे न केवल सड़क दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ रहा है, बल्कि गोवंश की जान पर भी गंभीर संकट मंडरा रहा है। युवाओं ने सवाल उठाया कि जब ये गोवंश पूरी तरह स्वस्थ हैं, तो उन्हें सड़कों पर छोड़ने की बजाय गौशालाओं में सुरक्षित पहुंचाने की ठोस व्यवस्था क्यों नहीं की जा रही? साथ ही, नगर परिषद से संचालित गौशालाओं की वास्तविक क्षमता, उपलब्ध बजट और जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की मांग की गई।



मुख्य नगरपालिका अधिकारी अंकित सोनी ने आश्वासन दिया कि गोवंश सुरक्षा के लिए ठोस एक्शन प्लान तैयार किया जाएगा और उच्च प्रशासनिक स्तर पर चर्चा कर शीघ्र प्रभावी समाधान निकाला जाएगा। युवाओं का कहना है—यह सिर्फ ज्ञापन नहीं, बल्कि गोमाता की रक्षा और सड़क सुरक्षा के लिए शुरू हुई जनजागरण मुहिम है और जब तक यह समस्या पूरी तरह हल नहीं होती, यह लड़ाई जारी रहेगी। ज्ञापन देने में विपिन पांडेय, ओमराज तिवारी, देवांश पांडेय, विवेक मिश्रा, राजू त्रिपाठी, मधुरम त्रिपाठी, हिमांशु शुक्ला, योगेंद्र पाठक, कृष्णा शिवहरे, आकाश पांडेय, दुर्गेश मिश्रा, शिवम् सिंह, रामू रैकवार, आशु द्विवेदी, राहुल अनुरागी, लक्ष्मण कुशवाहा, आदि नागरिक उपस्थित रहे।



# भारतीय किसान यूनियन कीर्ति कथा नामक पुस्तक का हुआ विमोचन

**नवभारत न्यूज**

**नागौद 4 अक्टूबर,** बुधवार को टाउन हॉल मैदान सतना में रामराज सिंह (बिहटा) द्वारा लिखित भारतीय किसान यूनियन कीर्ति कथा नामक पुस्तक का विमोचन जगदीश सिंह प्रदेशाध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक द्वारा किया गया।

पुस्तक विमोचन के दौरान जिलाध्यक्ष इंद्रजीत पाठक, बृजवासी सिंह, हरिहर सिंह पटेल सहित सभी ब्लॉकों से मैहर एवं सतना जिले के किसान मौजूद रहे।

# धूमधाम से मनाया गया विजयादशमी पर्व, प्रतिमाओं का हुआ विसर्जन

**नवभारत न्यूज**

**अमदरा 4 अक्टूबर, विजयदशमी (दशहरा) ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े ही धूमधाम और उल्लास के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर अमदरा सहित आस पास के गांवों में विधिवत पूजा कर आकर्षक झाँकी निकाली गई।**

यह दिव्य झाँकी कस्बे के मुख्य मार्गों से होते हुए, स्टेशन अमदरा पहुंची फिर पुरानी पंचायत भवन होते हुए भक्ति और आस्था का माहौल बनाते हुए आगे बढ़ी। झाँकी के भ्रमण के दौरान, श्रद्धालुओं ने जगह-जगह रोक कर मातारानी की आरती उतारी और पुष्प वर्षा कर पूजा-अर्चना की और मातारानी को भोग लगाया जहां भक्तों की अपार भीड़ मातारानी के जयकारे जय श्री राम के उद्घोष से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। अमदरा निवासी लवकुश अग्रवाल, विष्णु अग्रवाल, संतोष यादव, दयाराम विश्वकर्मा के यहां भंडारे की व्यवस्था रही जहां काफी संख्या में लोग जलपान किए। इस दौरान सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम रहे थाना प्रभारी अमदरा निरीक्षक श्रीमती रेनू मिश्रा के निर्देशन में व्यवस्था की कमान पुलिस स्टाफ ने संभाली और विसर्जन तक साथ रही व उनकी टीम झांकी के साथ चली। जहां कस्बे के मुख्य मार्गों का भ्रमण करने के बाद, यह भव्य झाँकी बस स्टैंड होते हुए नयागांव तालाब पहुँची जहां विधिवत पूजा कर विसर्जन किया गया रावण के विशालकाय पुतले का दहन किया गया। पुतले के जलते ही आतिशबाजी शुरू हो गई, जिससे पूरा आकाश रंगीन रोशनी से जगमगा उठा और अद्भुत रोमांचक दृश्य को देखकर सभी दर्शकों ने हर्षध्वनि के साथ जय श्री राम के नारे लगाए। इस अवसर पर उपस्थित कस्बे के गणमान्य नागरिकों और प्रशासन के सहयोग से यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह आयोजन कस्बे की धार्मिक एवं सांस्कृतिक एकता का परिचायक बना।



# बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देने हुआ रावण का पुतला दहन



**नवभारत न्यूज**

**रामपुर बाघेलान 4 अक्टूबर, विजयदशमी के अवसर पर असत्य पर सत्य की जीत और बुराई पर अच्छाई की जीत के पर्व पर रामपुर बाघेलान में रावण के पुतले का दहन किया गया।**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रामपुर बाघेलान विधायक विक्रम सिंह विक्की भैया उपस्थित रहे ,वहीं अध्यक्षता अनुविभागीय अधिकारी आर एन खरे ने की। राजयोगिनी डॉक्टर रानी दीदी ने बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया तत्पश्चात विक्रम सिंह ने तीर चला कर रावण दहन किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि विद्याधर तिवारी ,जनमेजय सिंह रामपुर बाघेलान नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि कमलेश कचेर ,मंडल अध्यक्ष संजय मिश्रा, सी एम ओ अरुण कुमार श्रीवास्तव ,तहसीलदार सुजीत नागेश ,टी आई संदीप चतुर्वेदी, उपयंत्री विश्वजीत कुशवाहा पार्षद मो इसहाक उमेश विष्वकर्मा रजनीश साकेत के साथ दिनेश सोनी सुंदर केशरवानी संजय निगम सहित सैकड़ों लोग रावण दहन कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## महिला का एटीएम बदलकर 35 हजार लेकर हुए रफूचक्कर



**नागौद 4 अक्टूबर,** नागौद थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे सतना- पन्ना सड़क मार्ग पर स्थित अथर्व क्लिनिक के बगल से स्थित एटीएम से शुक्रवार को सविता कुशवाहा पति रमाशंकर कुशवाहा पैसे निकालने गई थी वहां पर खड़े 2 अज्ञात युवकों ने महिला को झांसा देकर एटीएम बदल लिया और 35000 रु निकाल कर रफूचक्कर हो गये। युवक सीसीटीवी में कैद हो गये हैं। पीडति महिला ने थाना में शिकायत दर्ज कराई है।

# विधायक ने जीएसटी छूट के प्रति लोगों को किया जागरूक

**नवभारत न्यूज**

**रामपुर बाघेलान 4 अक्टूबर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उपभोक्ताओं को सीधा लाभ पहुंचाने आवश्यक वस्तुओं पर जीएसटी में विशेष छूट दिया है.**

इस छूट से ग्राहकों को जागरूक करने और व्यापारियों को जी एस टी की छूट का लाभ ग्राहकों को देने का संदेश देने रामपुर बाघेलान भाजपा विधायक विक्रम सिंह विक्की भैया ने रामपुर बाघेलान बाजार का पैदल भ्रमण किया और कप? और अन्य दुकानों के साथ दो पहिया एजेंसियों में जा कर ग्राहकों और एजेंसी संचालकों को समझाइस दी है कि सभी को जी एस टी छूट का लाभ अवश्य दें, साथ ही विधायक जी ने दुकानों में मौजूद ,ग्राहकों को बताया कि अब सामान कम रेट में मिलेगा, ग्राहकों ने विधायक जी सहित भाजपा सरकार का आभार व्यक्त किया,इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता सहित अन्य जनमानस मौजूद रहा।




# दशहरा पर्व पर युवाओं ने किया शस्त्र पूजा

**नवभारत न्यूज**

**कोटर 4 अक्टूबर, धर्मजागरण विभाग सतना ने कोटर में अधर्म पर धर्म की जीत के प्रतीक के रूप में मनाया जाने वाले दशहरा महापर्व पर युवा समाजसेवी पं केसी शुक्ला के संयोजन में विशाल और भव्य शस्त्र पूजा का आयोजन किया गया।**

हिंदू राष्ट्र बनाने पर जोर देते हुए पं के सी शुक्ला ने कहा कि अगर हम एक सशक्त भारत का निर्माण चाहते हैं ,तो हमें सामाजिक दूरियों को मिटा कर समरसता को बढ़ावा देना होगा, सभी जाती, बिरादरी के लोगों को साथ लेकर चलना होगा, जाती पातीं, ऊंच नीच के भेदभाव को मिटाकर सबको साथ लेकर हिंदू राष्ट्र का निर्माण करना होगा तभी भारत देश में शांति सौहाद्र अमन चैन कायम रहेगा, अभी भारत के नौ राज्यों और 200 जिलो में हिंदू अल्पसंख्यक हो चुके हैं जो बड़ा गंभीर चिन्ता का विषय हैं। सभी देश वासियों को दशहरा की शुभकामनाएं प्रेषित की गई।



प्रसाद वितरण किया गया।

इस मौके पर मुख्य रूप से पं केसी शुक्ला कोटर, रविशंकर मिश्रा, सव्यसाची मिश्रा, प्रशांत त्रिपाठी, जितेंद्र मिश्रा, रवि प्रताप सिंह, शुभम् त्रिपाठी, दिलीप सिंह, धर्मवीर सिंह,सुशील पांडेय, पिंटू शुक्ला, अमृत लाल अग्रवाल, दिलीप सोनी, मूलचंद हरिजन, कमलेश प्रजापति, छोटे नामदेव, मिंटू जैसवाल, पंकज कुशवाहा, रामसहोदर कुशवाहा, जितेंद्र शर्मा, बांकेलाल कुशवाहा, मुन्ना विश्वकर्मा, बुंदन कोरी आदि सैकड़ों लोगों मौजूद रहें।

# किसान कांग्रेस ने गांधी व शास्त्री जयंती पर की विचार गोष्ठी

**नवभारत न्यूज**

**सतना 4 अक्टूबर, किसान कांग्रेस कार्यालय धवारी स्टेडियम में किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष संतोष पाण्डेय के आयोजकत्व में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर विचार गोष्ठी आयोजित कर पुष्पांजलि अर्पित की।**

किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष संतोष पाण्डेय ने पूर्व प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी को याद करते हुए कहा की शास्त्री जी सादगी कर्तव्यनिष्ठ और अटूट संकल्प के प्रतीक थे उनके निस्वार्थ नेतृत्व से भारत को नई दिशा मिली उनका अमर नारा जय जवान जय किसान आज भी हमे राष्ट्र निर्माण में समर्पित रहने की प्रेरणा देता है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव राजभान सिंह ने गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्र पिता महात्मा गांधी जी की सत्य और अहिंसा के प्रति अटूट आस्था ने इतिहास की दिशा बदल दी उनका सत्याग्रह और अहिंसा का मार्ग आज भी पूरी दुनिया में करोड़ों लोगों को न्याय और समानता के लिए प्रेरित करता है आज हम सभी संकल्प लें कि महात्मा गांधी जी के बताए रास्ते पर चले।गोष्ठी में प्रमुख रूप से साबिर खान ,अनिल सिंह, विजय सिंह परिहार ,कृष्णेद्र सिंह ,नागेस्वर शुक्ला स्वतंत्र मिश्रा, पंकज शर्मा निराला, अदित्य नारायण पाण्डेय ,धर्मेंद्र सिंह ,राकेश शुक्ला ,ऋषभ सिंह ,धीरज शर्मा ,ग्यासी पाल ,मोहित मिश्रा, रघू मिश्रा ,संघर्ष पाण्डेय, अतुल शुक्ला ,बीरू शाहू ,अजय तिवारी, प्रशांत चौरसिया, मनीष मिश्रा ,सुरेद्र यादव ,शुभम गुप्ता आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।



# राहुल का कराधान सहायक पद पर चयन

**नवभारत न्यूज**

**नागौद 4 अक्टूबर,** मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग इंदौर (MPPSC) द्वारा आयोजित कराधान सहायक परीक्षा 2022 की अनुपूरक सूची से रामपुर बाघेलान अंतर्गत ग्राम ऐरा के निवासी किसान राजू सिंह के सुपुत्र राहुल सिंह का चयन हुआ है, जो कि वर्तमान में अपनी सेवायें जिला ग्रंथपाल के पद पर नागौद में दे रहे हैं, उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता पिता व गुरूजनों को दिया है।



# भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट में धूमधाम से मनाया गया विजयादशमी का पर्व

**नवभारत न्यूज**

**चित्रकूट 4 अक्टूबर, भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट में बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व दशहरा बड़े ही धूमधाम से मनाया गया।**

जिला मुख्यालय के पुरानी बाजार स्थित धुस के मैदान में लंकापति रावण का वध होते ही चारों ओर जय श्रीराम के जयकारे गूंज उठे। इसके बाद जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने एक दूसरे का मुंह मीठा कराकर विजय दषमी पर्व की बधाई दी। विष्व प्रसिद्ध पौराणिक तीर्थ चित्रकूट में 146 वर्षों से हो रही रामलीला यूपी की दूसरी सबसे पुरानी रामलीला है। विजय दशमी के दिन आयोजित रावण वध लीला का शुभारंभ चित्रकूट के जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, एसपी अरुण कुमार सिंह,बांदा-चित्रकूट के पूर्व सांसद आर के सिंह पटेल,नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन पंकज अग्रवाल,भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाष खरे,ब्लाक प्रमुख सुषील द्विवेदी एवं आकांक्षा समिति की अध्यक्ष डा0तनुषा टीआर आदि अतिथियों की मौजूदगी में भगवान श्रीराम की आरती कर किया गया। रावण वध की लीला देखने के लिए हजारों रामभक्तों का हुजूम उमडा रहा। इसके बाद राम और रावण के बीच हुए भीषण युद्ध के बाद 30 फुट के रावण के पुतले का दहन किया गया। पुतले से आतिशबाजी के साथ आग की लपटे फूंट पड़ी। देखते ही देखते धूं-धूंकर रावण जलने लगा और पूरा परिसर जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठाया। इसके बाद जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने एक दूसरे का मुंह मीठा कर विजय दशमी की बधाई दी। इस मौके पर नगर पालिका के ईओ लालजी यादव ने सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी उमेष चंद्र निगम,उद्योगपति विवेक अग्रवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता षक्ति प्रताप सिंह तोमर,बाबूलाल पटेल,रवि गुप्ता,षुभम केषरवानी,सभासद पवन बद्री,अनुज निगम,रामलीला कमेटी के अशोक केषरवानी,नरेष केषवानी, कान्हा केषरवानी,नगर पालिका के सफाई निरीक्षक कमलाकांत षुक्ला, वरिष्ठ लिपिक सुभाष गुप्ता,रवि ज्ञानेंद्र,राजेंद्र राम आदि हजारों रामभक्त मौजूद रहे। इसके अलावा स्टेषन रोड में रामलीला कमेटी द्वारा रावण दहन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रामलीला कमेटी के संरक्षक पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्रा,अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, महामंत्री गुलाब गुप्ता के अलावा व्यापार मंडल के प्रदेष मंत्री ओम केषरवानी,जिला उपाध्यक्ष दिलीप केषरवानी, जिला मंत्री ऋषि आर्या,षैलेंद्र केषरी,मलय वर्मा,मनोज वर्मा,समाजसेवी रचित अग्रवाल आदि सैकडों लोग मौजूद रहे।

